महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# लक्ष्य प्राप्ति का यत्न है योग : कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

वर्धा, दि. 21 जून 2021 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का यत्न है योग। उन्होंने कहा कि मन, शरीर और आत्मा का एकाग्र होना आवश्यक है। देह से मन और आत्मा को साधा जा सकता है। योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कुलपति प्रो. शुक्ल ने कहा कि




चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को मान रहा है। भारत में योग का विकास विशिष्ट पद्धति से हुआ है। योग स्वस्थ रहने के लिए प्रभावी उपकरण है। हमारी सभी उपासना पंथों में योग की पद्धतियां भले ही अलग-अलग हैं परंतु इसका लक्ष्य समान है और योग के तरीके व्यवहार्य तथा प्रयोज्य हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में योग का निरंतर अभ्यास करना चाहिए। योग दुनिया के लिए आवश्यक हैं।

सातवें योग दिवस का आयोजन पूर्वाह्न 7.30 बजे से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल, अमरावती के परीक्षा नियंत्रक तथा वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डॉ. सूर्यकांत पाटिल के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक आदित्य पूंड, हर्ष गोयनका, अनुजा गडकर, प्रियंका वानखेडे ने विभिन्न प्रकार के योग, प्राणायम, ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ किया। कोरोना के प्रोटोकाल का

पालन करते हुए योग दिवस का कार्यक्रम ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से घर पर रहकर योग किया।

योग दिवस का प्रारंभ डॉ. जगदीश नारायण तिवारी द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति से किया गया। स्वागत वक्तव्य संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने दिया। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षा विद्यापीठ



के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेत आंबेकर थे। सत्र संचालन शिक्षा विद्यापीठ की सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट ने किया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट, प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. जयंत उपाध्याय सहित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुखता से उपस्थित थे। योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय के यूट्यूब एवं फेसबूक पर किया गया।

## लक्ष्य प्राप्त करण्यासाठी योग आवश्यक : कुलगुरू प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

वर्धा, दि. 21 जून 2021 : लक्ष्य प्राप्त करण्यासाठी योग आवश्यक आहे असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी केले. प्रो. शुक्ल सातव्या आंतरराष्ट्रीय योग दिनानिमित्त आयोजित कार्यक्रमात बोलत होते. ते म्हणाले की मन, शरीर व आत्मा यांची एकाग्रता आवश्यक आहे. योगाचे महत्व अधोरेखित करतांना ते म्हणाले चिकित्सा विज्ञानाने सुद्धा योगाचे महत्व लक्षात घेतले आहे. भारतात योगाचा विकास विशिष्ट पद्धतीने झाला असून निरोगी राहण्यासाठी योग एक प्रभावी उपकरण आहे. ते म्हणाले की आपल्या सर्व उपासना पद्धतीमध्ये योगाचे विविध प्रकार सांगितले असून त्याचे लक्ष्य मात्र एकसमान आहे. जीवनात योग निरंतर केला पाहिजे असेही ते म्हणाले.

योग दिनाचे आयोजन सकाळी 7.30 वाजेपासून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवनाच्या सभागृहात करण्यात आले. यावेळी हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडळ, अमरावतीचे परीक्षा नियंत्रक व वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डॉ. सूर्यकांत पाटिल यांच्या नेतृत्वात योग व निसगोप्रचार समूपदेशक श्री आदित्य पूंड, योग प्रशिक्षक हर्ष गोयनका, अनुजा गडकर, प्रियंका वानखेडे यांनी विविध प्रकारचे योग, प्राणायम, ध्यान, संकल्प व शांति पाठ इत्यादिचे प्रात्याक्षित केले. प्रोटोकॉलचे पालन करत हा कार्यक्रम ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आयोजित करण्यात आला. विश्वविद्यालय परिवारातील सदस्य आणि विद्यार्थ्यांनी ऑनलाइन माध्यमातून योग दिवस कार्यक्रमात भाग घेतला.

प्रारंभी डॉ. जगदीश नारायण तिवारी यांनी मंगलाचरण सादर केले. स्वागत भाषण संस्कृती विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी यांनी केले. शिक्षण विद्यापीठाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेत आंबेकर कार्यक्रमाचे संयोजक होते. कार्यक्रमाचे सूत्र संचालन शिक्षण विद्यापीठाच्या सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट यांनी केले. यावेळी प्रकुलगुरू प्रो. चंद्रकांत रागीट, प्रो. कृपाशंकर चौबे, डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. जयंत उपाध्याय यांच्यासह अधिकारी व कर्मचारी प्रामुख्याने उपस्थित होते. योग दिनाचे थेट प्रसारण विश्वविद्यालयाच्या यूट्यूब व फेसबूकवर करण्यात आले.